



दिसम्बर-2019
www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर
## पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

उपलब्धियाँ

सराहनीय कार्य

उल्लेखनीय कार्य

कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

### 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस-2019 (दिनांक 28.11.2019 एवं 29.11.2019)

47 ALL INDIA POLICE SCIENCE CONGRESS
28th 29th November, 2019

उत्तर प्रदेश पुलिस ने 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइन्स काँग्रेस का दो दिवसीय आयोजन पुलिस विकास एवं अनुसंधान ब्यूरो के तत्वाधान में, उत्तर प्रदेश में 22 वर्ष बाद, श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की पहल पर सम्पन्न कराया।





- दिनांक 29.11.2019 : काँग्रेस के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री अमित शाह, मा. गृह मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि, योगी आदित्यनाथ, मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., श्री केशव प्रसाद मौर्य, मा. उप मुख्य मंत्री, उ.प्र. व श्री दिनेश शर्मा, मा. उप मुख्य मंत्री, उ.प्र., वरिष्ठ पुलिस/प्रशासनिक अधिकारीगण का श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने स्वागत किया व मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किये। श्री सिंह ने पुलिस कार्ययोजना विकास हेतु 6 सत्रों में प्रस्तुत पत्रों/विचारों हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा पुलिस सुधार के कार्यों की चर्चा कर साधुवाद दिया। श्री तजेन्द्र सिंह लूथरा, IG, BPR&D ने 6 सत्रों में 6 विषयों पर पारित 12 प्रस्ताव पढ़े। प्रत्येक सत्र में दो प्रस्ताव पास हुए थे।

मा. मुख्य अतिथि, श्री अमित शाह ने विचारों की उपयोगिता व मंथन उपरान्त विचारों के क्रियान्वयन को आवश्यक बताया। समाधानों को बीट तक लागू करना वास्तविक सफलता बताया। पूर्व की विज्ञान काँग्रेस में रखे गये पत्रों पर अभी तक क्या हुआ है? इस बारे में विशेष विज्ञान काँग्रेस के आयोजन का सुझाव दिया। आन्तरिक सुरक्षा में नारकोटिक्स, नक्सलवाद, आतंकवाद, घुसपैठ, फेक करेंसी, पशु तस्करी, मानव तस्करी आदि को घातक बताया व कहा कि सभी एजेंसियों के समन्वय से अपराधों पर काबू पाया जा सकता है। सीमाओं से बीट तक सुरक्षा, पुलिस शहीद स्मारक, जनता के नजरिये में बदलाव लाने, विषम परिस्थितियों में जवानों के सीमा पर कार्य करने, प्रत्येक पुलिस जवान के मन में गर्व एवं जनता के मन में पुलिस के प्रति सम्मान पैदा करने, सरकारी वकीलों की जवाबदेही तय करने, बड़े अपराधों में सजा की मॉनीटरिंग, राज्यों में जिला मुख्यालय स्तर पर फॉरेंसिक कॉलेज, राज्य स्तर पर फॉरेंसिक विश्वविद्यालय व पुलिस विश्वविद्यालय बनाने, यहाँ पढ़ने वालों के पुलिस में नौकरी करने से कार्यदक्षता में विकास इत्यादि पर सम्बोधन किया। शीघ्र ही भारतीय दण्ड विधान/संहिता में आज के भारत के अनुसार बदलाव का भी उल्लेख किया।

इससे पूर्व मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को जनता के साथ प्रत्येक स्थिति में निकट जाने, कम्युनिटी पुलिसिंग, कम्युनिटी पुलिसिंग प्रशिक्षण व साइबर क्राइम को हल करने के लिये कम्युनिटी पुलिसिंग को आवश्यक बताया। कुम्भ के सफल आयोजन एवं अयोध्या प्रकरण में उ.प्र. पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था पर उत्कृष्ट स्थिति बनाये रखने की प्रशंसा करते हुए लगातार पुलिस कार्य व्यवहार में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

- दिनांक 28.11.2019 : मुख्य अतिथि, डॉ. किरन बेदी, लेफ्टिनेंट गवर्नर, पुडुच्चेरी ने पुलिस मुख्यालय, लखनऊ पर एक प्रदर्शनी तथा 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइन्स काँग्रेस–2019 का उद्घाटन किया। काँग्रेस हेतु चयनित 6 विषयों पर 29 शोध पत्रों की एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।






श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्य अतिथि, आमंत्रित महानुभावों, वक्ताओं, मध्यस्थ एवं सभी उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया। श्री सिंह ने उ.प्र. पुलिस की कार्यदक्षता में वृद्धि हेतु आई.आई.टी., कानपुर से सम्पन्न एमओयू, यूपी 112 में केन्द्रीकृत नियंत्रण कक्ष, वीमेन पावर लाइन 1090, त्रिनेत्र एप, जनसमस्याओं के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, सीसीटीएनएस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण, लखनऊ से जनपदों में प्रशिक्षण हेतु वर्चुअल क्लासेज़, पुलिस बल एवं आमजन पर हुए सकारात्मक परिणामों का उल्लेख किया।

डॉ. बेदी ने उ.प्र. पुलिस को इस कॉंग्रेस के आयोजन, कुम्भ एवं अयोध्या प्रकरण में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिपेक्ष्य में उच्चतम स्तर की दक्षता प्रदर्शित कर कानून व्यवस्था के कीर्तिमान स्थापित करने हेतु बधाई दी व न्याय और हिम्मत को बेहतर पुलिसिंग के लिये आवश्यक बताया। बेहतर पुलिसिंग हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण व व्यवहारिक पुलिसिंग के लिये बीट पुलिसिंग को अनिवार्य बताया। डॉ. बेदी ने पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की तथा कहा कि पुलिस महानिदेशक के सतत परिश्रम से ही प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है।

दो दिवसीय कॉंग्रेस में निम्न विषयों पर परिचर्चाएँ सम्पन्न की गयीं–

- Reforms in Policing: Challenges at the field level and required measures.
- Forensic Science: Resource upgradation and effective use in investigation.
- Safety of Women and Children: Fresh initiatives and dividends.
- Role of social media in countering radicalization and terrorism.
- Inculcating right kind of attitudes in Police Officers: Training and beyond.
- Use of CCTNS/ICJS in the advancement of Criminal Justice.

इस दौरान आयोजित प्रदर्शनी में 19 कम्पनियों ने भाग लिया। DCPW, ATS, UP, 112 & UP 1090 ने भी अपने प्रस्तुतीकरण दिये। उक्त कॉंग्रेस को श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की अध्यक्षता में गठित आयोजन समिति व 12 उप–समितियों ने सफल बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। आमजन को कॉंग्रेस के आयोजन एवं गतिविधियों से अवगत कराने हेतु LED युक्त वाहन, वेबसाईट (www.47aipsc.com) तथा ट्विटर हैंडल (@47aipsc) भी लॉन्च किया गया था। समस्त आयोजन अत्यंत सफल रहे।

**उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस** : दिनांक 23.11.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. योगी आदित्यनाथ को पुलिस झण्डा लगाया। मा. मुख्य मंत्री जी ने सभी पुलिसजनों को शुभकामनाएँ दीं।



पुलिस मुख्यालय, लखनऊ पर प्रातः 1000 बजे 'पुलिस झण्डा दिवस' पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. व पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने पुलिस ध्वज का अभिवादन किया व बैण्ड ने 'भारत के जवान' धुन बजायी। श्री सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। ब्रिटिश उपनिवेश के 'पुलिस–बल' से 'पुलिस–विभाग' तक की यात्रा उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये एक गौरव गाथा है। इस अवसर पर श्री सिंह ने पुलिस बल हेतु सन्देश पढ़कर सुनाया तथा संगठनात्मक विकास क्रम में राज्य आपदा मोचन बल के भवन, सुल्तानपुर एवं जालौन में दो पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय व लखनऊ में एकीकृत आपात सेवा 112 का शुभारम्भ मा. मुख्य मंत्री जी द्वारा किये जाने, पुलिस बजट हेतु 'बजट मॉनीटरिंग सिस्टम' लागू करने तथा शीघ्र पुलिस एवं फॉरेन्सिक विश्वविद्यालय की स्थापना करने का उल्लेख किया। वर्ष 2019 में भव्य कुम्भ, प्रयागराज, प्रवासी भारतीय सम्मेलन, वाराणसी व लोकसभा चुनाव कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु हुई सर्वत्र प्रशंसा तथा मा. सर्वोच्च न्यायालय के अयोध्या प्रकरण में निर्णय के परिपेक्ष्य में प्रदेश में पूर्ण शान्ति व सुदृढ़ कानून–व्यवस्था की स्थापना कर उ.प्र. पुलिस के प्रत्येक जवान द्वारा झण्डे की आन–बान–शान को बढ़ाने का जिक्र करते हुए प्रदेश एवं लोगों की सुरक्षा करने, ध्वज का सम्मान, गरिमा एवं गौरव बढ़ाने तथा कर्तव्य पथ से विचलित न होने की प्रतिबद्धता का स्मरण कराते हुए "एक प्रदेश, एक बल, एक ध्येय एवं एक ही कर्तव्य सिर्फ लोक सेवा" के उद्देश्य पर बल दिया।



## मा. मुख्यमंत्री जी, उ.प्र. द्वारा 112 मुख्यालय में स्थापित इमरजेन्सी आपरेशन्स सेन्टर (EOC) का भ्रमण/निरीक्षण

- दिनांक 09.11.2019 : मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ ने 112 मुख्यालय में संचालित इमरजेन्सी आपरेशन्स सेन्टर (EOC) का निरीक्षण किया। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने EOC की कार्यशैली से मा. मुख्य मंत्री को अवगत कराया। मा. उच्चतम न्यायालय द्वारा अयोध्या प्रकरण में फैसले के दृष्टिगत प्रदेश में सामाजिक समरसता व आपसी सौहार्द्र बनाये रखने तथा भावी चुनौतियों को ध्यान में रखकर EOC स्थापित किया गया। EOC एक एकीकृत कमाण्ड सेन्टर है, जिसमें सूचना के सभी स्रोतों जैसे; 112 पर फोनकॉल, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया, कन्ट्रोल रूम, वायरलेस तथा डिजि़टल समाचार पोर्टलों से प्राप्त जानकारी के रिस्पॉस में ऑपरेशनल रणनीति बनाकर तत्काल कार्यवाही की जा सकती है।



EOC में एडीजी, कानून–व्यवस्था, एडीजी, तकनीकी सेवायें/112 एवं फायर, अभिसूचना, सी.आर.पी.एफ., जी.आर.पी., आर.पी.एफ., बी.एस.एफ., एस.एस.बी., आई.टी.बी.पी., सी.आई.एस.एफ., आदि के प्रतिनिधि भी समन्वय हेतु उपस्थित रहे। प्रत्येक ज़ोन की समग्र निगरानी हेतु एक–एक डेडीकेटेड डेस्क (कुल 8) स्थापित की गयीं। चौबीसों घण्टे कार्यरत EOC पर कार्यरत पुलिस कर्मियों द्वारा तत्समय परिवेश में पल–पल की खबरों पर सतर्क दृष्टि रखी गयी।

## सम्मान

### Transformation Leadership Award-2019

- दिनांक 16.11.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन एण्ड ग्लोबल, लखनऊ द्वारा Promoting Happiness through Public Policy विषय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि Hon'ble Minister of Bhutan, Sri T.S. Powdyel द्वारा Transformation Leadership Award 2019 से सम्मानित किये गये।



## स्टाफ का कल्याण

- दिनांक 04.11.2019: श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा 21 जनपदों में सब्सिडियरी पुलिस कैन्टीन का उद्घाटन किया।



## सराहनीय कार्य

- दिनांक 27.11.2019 : ललितपुर में 6 चोर गिरफ्तार, रु. 42 लाख के चोरी के 1.070 कि.ग्रा. सोने व 1.25 कि.ग्रा. चाँदी आभूषण, आदि बरामद।
- दिनांक 24.11.2019 : प्रतापगढ़ में एटीएम कार्ड में हेराफेरी करने वाले 7 अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन, आग्नेयास्त्र, 1 एटीएम/कार्ड स्वैप मशीन, 11 एटीएम कार्ड व नकदी बरामद।
- दिनांक 23.11.2019 : इटावा में अन्तर्जनपदीय 2 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का रु. 5.50 लाख का माल बरामद।
- दिनांक 22.11.2019 : मिर्ज़ापुर में 4 चोर गिरफ्तार, चोरी का रु. 54 लाख का एल्युमीनियम हाई टेन्शन तार व 1 ट्रक बरामद।
- दिनांक 20.11.2019 : झाँसी में 5 चोर गिरफ्तार, चोरी के रु. 33,73,000.00 नकद व सोने–चाँदी के जेवर, आदि बरामद।
- दिनांक 17.11.2019 : गाज़ियाबाद में एटीएम तोड़कर चोरी करने वाले 4 अभियुक्त गिरफ्तार, आग्नेयास्त्र, एटीएम तोड़ने के उपकरण बरामद।
- दिनांक 12.11.2019 : औरैया में लूट के 4 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट की 3.560 कि.ग्रा. चाँदी, 57 ग्रा. सोना, नकदी, वाहन, मोबाइल फोन, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।
- दिनांक 02.11.2019 : बहराइच में 2 लुटेरे गिरफ्तार, लूट के रु. 34,20,000.00 नकद व 1 कार बरामद।
- दिनांक 31.10.2019 : गौतमबुद्धनगर से 4 अभियुक्त गिरफ्तार, 27 लैपटॉप, 4 टैबलेट, 28 स्क्रीन डिस्प्ले लैपटॉप, 97 बॉडी पार्टस् ऑफ लैपटॉप/टैबलेट, 2 मोटरसाइकिल, नकदी, आदि बरामद।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

- दिनांक 25.11.2019 : भारतीय जाली मुद्रा के कारोबार में लिप्त 2 पुरुष व 1 महिला लखनऊ से मय रु. 1,79,000.00 की जाली मुद्रा गिरफ्तार तथा पाकिस्तानी हैण्डलर्स द्वारा भारतीय नागरिकों को ठगकर पाकिस्तानी व्यक्तियों को पैसा भेजने वाले दो अभियुक्त नोयडा से गिरफ्तार।

- दिनांक 23.11.2019 : खालिस्तानी आतंकियों को हथियार एवं गोला बारुद आपूर्त करने वाले 2 अभियुक्त शामली से मय आग्नेयास्त्र गिरफ्तार।
- दिनांक 12.11.2019 : वर्ष 2013 में एटीएस, उ.प्र. द्वारा की गयी कार्यवाही के परिणामस्वरुप विदेशी शस्त्रों के पुर्जो में अवैध परिवर्तन कर उन्हें बेचने के सभी 12 आरोपियों को सजा (4 को आजीवन कारावास व 3–3 लाख का अर्थदण्ड तथा 8 को 10–10 वर्ष का कारावास व 2.5–2.5 लाख का अर्थदण्ड)।

## एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 65,000.00 | | | इनाम (रु.) : 50,000.00 | | |
| | | | 20.11.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 25.11.19 | प्रयागराज | 01 | 14.11.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 24.11.19 | प्रयागराज | 02 | 01.11.19 | मथुरा | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ (गाँजा) | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 23.11.19 | आगरा | 1000 | –– | 35 लाख | 03 |
| 18.11.19 | श्रावस्ती | –– | 187 कि.ग्रा.गाँजा | 50 लाख | 01 |
| 14.11.19 | रायबरेली | 925 | –– | 50 लाख | 04 |
| 08.11.19 | प्रतापगढ़ | 790 | –– | 45 लाख | 04 |
| 07.11.19 | रामपुर | –– | 25 कि.ग्रा. चरस | 125 लाख | 03 |
| 05.11.19 | –– | 750 | –– | 40 लाख | 01 |

- दिनांक 22.11.2019 : 'हैलोराइड' कम्पनी बनाकर 'मल्टीलेवल मार्केटिंग' द्वारा जनता के करोड़ों रुपये का ठग लखनऊ से गिरफ्तार।
- दिनांक 21.11.2019 : दिनांक 02/03.09.2019 की रात्रि में थाना नौपाड़ा, ठाणे (मुम्बई) क्षेत्र में हुई रु. 28 लाख की चोरी का 'मास्टर माइन्ड' चोरी के धन से क्रय स्कार्पियो सहित गिरफ्तार।
- दिनांक 20.11.2019 : लखनऊ से कूटरचित भारतीय करेंसी नोट तैयार कर आपूर्ति करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 1,23,500.00 भारतीय करेंसी नोट व उपकरण बरामद।
- दिनांक 16.11.2019 : एटीएम कार्ड का 'क्लोन' तैयार कर खाता धारकों के पैसे निकालने वाले अर्न्तप्रान्तीय गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, 'क्लोनिंग मशीन–स्कीमर', 'एटीएम कार्ड रीडर', लैपटॉप, 29 'एटीएम कार्ड/डेबिट कार्ड' व रु. 3.53 लाख नकद बरामद।
- दिनांक 15.11.2019 : प्रतिबन्धित पक्षियों की तस्करी करने वाले 6 अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर मय 500 Rose-ringed Parakeet (Botinical name- Psittakula krameri) गोरखपुर से गिरफ्तार।
- दिनांक 02.11.2019 : अन्तर्राष्ट्रीय 'ऑनलाइन फ्राड' एवं 'क्रिप्टो करेन्सी' के जरिये विदेश पैसा भेजने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार व 16 एटीएम बरामद।
- दिनांक 02.11.2019 : फर्टीलाईज़र कम्पनियों के नाम से नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्री का भण्डाफोड़, नकली खाद, एवं अन्य उपकरण सहित 1 अभियुक्त अयोध्या से गिरफ्तार।

## एस.डी.आर.एफ.

- जून 2019 में गोण्डा में बाढ़ राहत हेतु व्यवस्थापित एस.डी.आर.एफ. 'सी–दल' ने दिनांक 23.06.2019 को फ्लैश फ्लड में फँसी एम्बुलेन्स से 6, दिनांक 24.06.2019 को रात्रि में पेड़ पर फँसे 5 व 2 अन्य लोगों अर्थात् 21 घण्टे में 13 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत कार्यों को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से छापा तथा जिलाधिकारी बलरामपुर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,00,000.00 | | | इनाम (रु.) : 50,000.00 | | |
| | | | 16.11.19 | सोनभद्र | 01 |
| 18.11.19 | मऊ | 01 मृत्यु | 03.11.19 | जालौन | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| | | | 15.11.19 | अमेठी | 01 |
| 30.11.19 | मथुरा | 01 | 15.11.19 | इटावा | 01 |
| 29.11.19 | मेरठ | 02 | 14.11.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 28.11.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 14.11.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 27.11.19 | हरदोई | 01 | 14.11.19 | आजमगढ़ | 01 |
| 26.11.19 | बाराबंकी | 02 | 13.11.19 | बुलन्दशहर | 02 |
| 25.11.19 | अमेठी | 01 | 13.11.19 | बाराबंकी | 01 |
| 24.11.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 12.11.19 | मेरठ | 01 |
| 24.11.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 08.11.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 24.11.19 | वाराणसी | 01 | 07.11.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 24.11.19 | अमरोहा | 01 | 05.11.19 | गाजीपुर | 01 |
| 23.11.19 | मेरठ | 01 | 05.11.19 | मेरठ | 01 |
| 21.11.19 | मऊ | 01 | 04.11.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 21.11.19 | सिद्धार्थनगर | 01 | 04.11.19 | एटा | 01 |
| 21.11.19 | बाराबंकी | 02 | 03.11.19 | गोरखपुर | 01 |
| 19.11.19 | मऊ | 01 | 03.11.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 19.11.19 | बाराबंकी | 01 | 02.11.19 | रायबरेली | 01 |
| 18.11.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 31.10.19 | बाराबंकी | 01 |
| 18.11.19 | जौनपुर | 01 | 31.10.19 | गाज़ियाबाद | 02 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| | | | 17.11.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 30.11.19 | बुलन्दशहर | 01 | 17.11.19 | रायबरेली | 01 |
| 26.11.19 | अमेठी | 01 | 16.11.19 | बाराबंकी | 02 |
| 24.11.19 | वाराणसी | 01 | 11.11.19 | कौशाम्बी | 01 |
| 22.11.19 | रायबरेली | 01 | 08.11.19 | बाराबंकी | 02 |
| 21.11.19 | हरदोई | 01 | 05.11.19 | गोरखपुर | 01 |
| 18.11.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 01.11.19 | शामली | 01 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| | | | 18.11.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 30.11.19 | एटा | 03 | 17.11.19 | रायबरेली | 01 |
| 26.11.19 | बदायूँ | 01 | 15.11.19 | देवरिया | 01 |
| 26.11.19 | मथुरा | 01 | 11.11.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 25.11.19 | अम्बेडकरनगर | 02 | 10.11.19 | जालौन | 01 |
| 23.11.19 | सहारनपुर | 01 | 08.11.19 | बदायूँ | 04 |
| 23.11.19 | एटा | 01 | 06.11.19 | मथुरा | 01 |
| 21.11.19 | फिरोज़ाबाद | 02 | 05.11.19 | बाराबंकी | 04 |
| 21.11.19 | बरेली | 01 | 03.11.19 | मथुरा | 01 |
| 21.11.19 | सिद्धार्थनगर | 01 | 02.11.19 | रायबरेली | 01 |
| इनाम (रु.) : 12,000.00 | | | इनाम (रु.) : 10,000.00 | | |
| | | | 24.11.19 | बागपत | 01 |
| 28.11.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 16.11.19 | फिरोज़ाबाद | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 29.11.19 | बदायूँ | 1000 | –– | –– | 09 |
| 27.11.19 | देवरिया | 127 | –– | –– | 05 |
| 26.11.19 | मथुरा | 400 | –– | 16 लाख | 02 |
| 24.11.19 | एटा | 300 | –– | 18 लाख | 01 |
| 20.11.19 | बलिया | –– | 56 कि.ग्रा. गाँजा | 11 लाख | 01 |
| 19.11.19 | इटावा | –– | 60 कि.ग्रा. गाँजा | 20 लाख | 02 |
| 18.11.19 | औरैया | 1308 | –– | 66 लाख | 02 |
| 17.11.19 | एटा | 800 | –– | 24 लाख | 02 |
| 17.11.19 | चन्दौली | 280 | –– | 25 लाख | 01 |
| 17.11.19 | बरेली | –– | 1 कि.ग्रा.अफीम | 10 लाख | 01 |
| 17.11.19 | बरेली | –– | 202 कि.ग्रा.गाँजा | 55 लाख | 01 |
| 16.11.19 | चन्दौली | 2580 | –– | 1 करोड़ | 05 |
| 15.11.19 | मथुरा | 500 | –– | 28 लाख | 01 |
| 11.11.19 | गौतमबुद्धनगर | 610 | –– | 25 लाख | 01 |
| 11.11.19 | मथुरा | 654 | –– | 35 लाख | 07 |
| 09.11.19 | रायबरेली | 1030 | –– | 45 लाख | 03 |
| 08.11.19 | बरेली | –– | 3 कि.ग्रा. अफीम | 30 लाख | 02 |
| 07.11.19 | गोण्डा | –– | 165.5 कि.ग्रा. गाँजा | 42 लाख | 03 |
| 07.11.19 | फतेहगढ़ | 100 | –– | 17 लाख | 05 |
| 06.11.19 | बरेली | –– | 1.2 कि.ग्रा. अफीम | 75 लाख | 03 |
| 05.11.19 | मुज़फ्फरनगर | –– | 5 कि.ग्रा. चरस | –– | 05 |
| 05.11.19 | मथुरा | 200 | –– | 12 लाख | 01 |
| 05.11.19 | एटा | 1355 | –– | 40.5लाख | 02 |
| 03.11.19 | शामली | 1020 | –– | 50 लाख | 01 |
| 02.11.19 | गोरखपुर | –– | 1225 कि.ग्रा. | 1225लाख | 05 |
| 01.11.19 | प्रतापगढ़ | 950 | –– | 32 लाख | 02 |
| 01.11.19 | प्रतापगढ़ | –– | 520 कि.ग्रा.गाँजा | 55 लाख | 03 |
| 01.11.19 | मुज़फ्फरनगर | –– | 41.250 कि.ग्रा. गाँजा, 6.5 कि.ग्रा.डोडा | 6 लाख | 09 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद मुज़फ्फरनगर, मथुरा, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बाराबंकी, बहराइच, सहारनपुर, वाराणसी, अम्बेडकरनगर, गाज़ियाबाद, बुलन्दशहर, हरदोई, मैनपुरी, बरेली, अलीगढ़, कानपुर नगर, सम्भल, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बस्ती, मेरठ, मिर्जापुर, जौनपुर इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों, इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

### अवैध अस्त्र/शस्त्रों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | अस्त्र/शस्त्र | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 13.11.19 | मेरठ | 43तमंचे, 1 डीबीबीएल बन्दूक,आदि | 04 |
| 06.11.19 | एटा | 8 तमंचे, आदि | 01 |

## अभियान एवं उपलब्धियाँ

### प्रदेश में अवैध शस्त्रों आदि के विरूद्ध कार्यवाही

- दिनांक 01.11.2019 से 17.11.2019 तक प्रदेश में अवैध शस्त्रों सम्बन्धी कार्यवाही–

| | |
|---|---|
| बरामद अवैध शस्त्रों की संख्या | 726 |
| बरामद अवैध कारतूसों की संख्या | 1127 |
| शस्त्र लाइसेंसों के निरस्तीकरण की संख्या | 140 |

### यातायात माह नवम्बर 2019 में सम्पन्न कार्यवाहियाँ

- दिनांक 01.01.2019 से 15.11.2019 तक 75 जनपदों में यातायात पुलिस कर्मियों ने स्कूल, कॉलेज के छात्र/छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, एन.एस.एस. के छात्र/छात्राओं, वाहन चालकों, पैदल चलने वालों व हाइवे के आसपास के निवासियों को जागरुक किया। स्कूल/कॉलेज, सिनेमाघरों, आकाशवाणी/एफ.एम., समाचार पत्रों, मेलों तथा त्योहार स्थलों पर एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप) द्वारा यातायात नियमों का प्रचार–प्रसार, इत्यादि कार्य कराये। यातायात चिन्ह/संकेतक, फ्लोरोसेन्ट रिफ्लेक्टर, ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था व अवैध कट बन्द कराये। अवैध पार्किंग व अतिक्रमण हटाये। यातायात सुरक्षा सुझाव पुस्तिकाएँ वितरण कीं। रिक्रूटों को यातायात उपकरणों की जानकारी दी। जागरुकता रैलियाँ निकाली गयीं। हेलमेट/सीट बेल्ट के प्रति जागरुक कर पम्पलेट एवं प्रचार सामग्री वितरित की। लघु नाटिकाएँ प्रस्तुत कीं। उक्त अवधि में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 2,23,515 वाहनों का चालान कर रु. 5,38,81,000.00 शमन शुल्क वसूला।

## बारावफात-2019 सकुशल सम्पन्न

- श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त ज़ोन, परिक्षेत्र एवं जनपदीय अधिकारियों को दिनांक 10.11.2019 को बारावफात सकुशल सम्पन्न कराने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा प्रदत्त निर्देश कुशल रणनीति, सुविचारित पुलिस प्रबन्धन, बेहतर कम्युनिटी पुलिसिंग, अधिकारियों एवं पुलिस बल की निरन्तर भ्रमणशीलता व जनसंवाद के फलस्वरुप बारावफात पूर्णतः शान्ति एवं सौहार्द्रपूर्वक सम्पन्न हुआ व निम्न अभूतपूर्व परिणाम प्राप्त हुए–

| वर्ष | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घटित घटनायें | 11 | 17 | 16 | 11 | 08 | 0 |

## पॉक्सो एक्ट अभियोगों में मा. न्यायालय से सजा

- पॉक्सो एक्ट अभियोगों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा ज़ोनल/परिक्षेत्रीय/जनपदीय पुलिस की समीक्षा एवं अनुश्रवण कर प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप अभियुक्तों को मा. न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

| दिनांक 01.01.2019 से 30.10.2019 तक | वाद सजा | अभियुक्तों की संख्या | मृत्यु दण्ड | आजीवन कारावास | अन्य सजा |
|---|---|---|---|---|---|
| | 473 | 574 | 1 | 96 | 477 |

## उत्तर प्रदेश पुलिस में 49,000 आरक्षियों की भर्ती

- आरक्षी नागरिक पुलिस के 31,360 एवं पीएसी के 18,208 पद हेतु लिखित परीक्षा की योग्यता के आधार पर 1,23,921 अभ्यर्थियों को अभिलेखीय संवीक्षा व शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाया जायेगा।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालाध्यक्ष को डीजी परिपत्र संख्या–49/2019 दिनांक 22.11.2019 द्वारा किसी भी योजना, संसाधन, कार्मिक, भूमि या अन्य वित्तीय प्रकरणों से सम्बन्धित किसी भी इकाई/शाखा के प्रस्ताव परीक्षणोपरान्त सम्पूर्ण सूचनाओं/अभिलेखों सहित पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को उपलब्ध कराने एवं अनुमोदनोपरान्त ही प्रस्ताव शासन को भेजने हेतु निर्देशित किया गया है।

## अन्य निर्देश

- दिनांक 18.11.2019 : विगत में सम्पन्न विभिन्न त्यौहारों एवं अयोध्या प्रकरण में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अवसर पर विधि व्यवस्था के दृष्टिगत कर्तव्य निष्पादन हेतु पुलिस कर्मिकों को विशेष सराहनीय प्रविष्टि के निर्देश।
- दिनांक 15.11.2019 : पुलिस मुख्यालय पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक कर विवेचनात्मक प्रक्रिया की गुणवत्ता में सुधार हेतु निर्देश।
- दिनांक 07.11.19 : दिनांक 10.11.2019 को बारावफात पर सुदृढ़ सुरक्षा–व्यवस्था के निर्देश।
- दिनांक 05.11.2019 : कार्तिक पूर्णिमा मेला, चौदह कोसी/पंचकोसी परिक्रमा की सुरक्षा–व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देश।
- सोशल मीडिया में भड़काऊ एवं आपत्तिजनक पोस्ट की प्रभावी रोकथाम हेतु निर्देश।
- दिनांक 01.11.2019 : नवम्बर–2019 को यातायात माह के रुप में मनाये जाने के क्रम में निर्देश।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा दिये गये निर्देश

- दिनांक 19.11.2019 : सवेरा योजना के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा, इवेन्ट क्लोज़र सिस्टम, पेट्रोल मैनेजमेन्ट सिस्टम, जिला प्रशिक्षण इकाई 112 सम्बन्धी समीक्षा की व निर्देश दिये।
- दिनांक 13.11.2019 : मुख्यालय 112 से ज़ोन, परिक्षेत्र, जनपदीय अधिकारियों को कानून व्यवस्था हेतु निर्देश।
- दिनांक 11.11.2019 : देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा व गुरु नानक जयन्ती हेतु निर्देश।
- दिनांक 09.11.2019 : मुख्यालय 112 से बारावफात व कार्तिक पूर्णिमा पर पूर्व निर्देशों के क्रम में सतर्कता बरतने के निर्देश।
- दिनांक 08.11.2019 : वर्तमान परिवेश में सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सद्भाव भंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश।
- दिनांक 03.11.2019 : भावी चुनौतियों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को और सृदृढ़ करने हेतु निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण

- हरदोई भ्रमण : दिनांक 03.11.2019 : थाना सण्डीला, जनपद हरदोई के निरीक्षण में अभिलेखों का अवलोकन कर निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक, हरदोई कार्यालय में बायोमेट्रिक मशीन, नवनिर्मित डीसीआरबी कक्ष, पुलिस अधीक्षक कक्ष एवं आदेश कक्ष का जीर्णोद्धार कर लोकार्पण किया तथा पुलिस लाइन में अपराध व कानून व्यवस्था सम्बन्धी समीक्षा बैठक की। प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों व डिज़िटल वॉलेण्टियर का सम्मेलन कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले वॉलेण्टियर को प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।




- अमेठी भ्रमण : दिनांक 02.11.2019 : अमेठी में अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ व अम्बेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय अभिसूचना इकाई, अयोध्या सहित राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध, कानून–व्यवस्था एवं पुलिस प्रबन्धन पर समीक्षा बैठक की। आर.आर.एस.आई.एम.टी. कॉलेज, अमेठी की छात्राओं ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु जागरुकता वृद्धि सम्बन्धी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

## विविध

- एच.सी.एल. फाउण्डेशन द्वारा आयोजित स्पोर्टस फॉर चेंज 2019 प्रतियोगिता का समापन : दिनांक 30.11.2019: श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ में 2 दिवसीय नेशनल फाइनल्स प्रतियोगिता का समापन किया जिसमें 7 प्रदेशों से सरकारी, अर्द्धसरकारी स्कूलों के 400 चयनित बच्चों ने बैडमिण्टन, कबड्डी, बॉलीवाल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, शतरंज व कैरमबोर्ड प्रतियोगिताओं में भाग लिया।
- 'संविधान दिवस' : दिनांक 26.11.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय, लखनऊ पर शपथ दिलाई।
- पुरस्कार : दिनांक 23.11.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने स्व. श्री ए.के. दास, पूर्व महानिदेशक, उ.प्र. की स्मृति में वर्ष 2016 से उनके जन्म दिवस पर पुलिस आरक्षियों के इण्टरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो मेधावी छात्र/छात्रा को पुरस्कार स्वरुप रु. 10,000.00, मेडल एवं प्रमाण–पत्र प्रदान करने की परम्परा के क्रम में फायरमैन श्री राम सनेही की पुत्री कु. शिखा गौतम को 98.2% अंक व आरक्षी साजिद खान के पुत्र राशिद खान को 92% अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया व शुभकामनाएँ दीं। श्री अजीत दास, इन्स्टीट्यूट फॉर कैरियर स्टडीज, पुलिस अधिकारी, आदि उपस्थित रहे।




- ऑन लाइन बजट मॉनीटरिंग सिस्टम पर कार्यशाला : दिनांक 18.11.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने कार्यशाला को सम्बोधित किया। श्री सिंह ने दिनांक 14.11.2019 को मुख्यालय 112 पर उ.प्र. पुलिस के उक्त "ऑन लाइन बजट मानीटरिंग सिस्टम" का शुभारम्भ किया था।



- अयोध्या प्रकरण में सोशल मीडिया की मानीटरिंग व सामाजिक सौहार्द्र भंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही : अयोध्या प्रकरण में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की सोशल मीडिया पर अनुपयुक्त पोस्ट/ट्वीट/वीडियो सम्बन्धी जीरो टॉलरेंस नीति पर निम्न कार्यवाहियाँ कीं–

| पंजीकृत अभियोगों की संख्या | गिरफ्तारी | सोशल मीडिया पोस्टों के विरुद्ध कार्यवाही (पोस्ट रिपोर्ट कर हटवाना, डायरेक्ट मैसेज के माध्यम से डिलीट कराना तथा प्रोफाइल हटवाना, आदि) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ट्विटर | फेसबुक | यूट्यूब | DGP HQ मीडिया सेल |
| 65 | 99 | 8543 | 3592 | 287 | 1474 |

- पुरस्कार : दिनांक 06.11.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस रेडियो कार्मिकों के यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा–2019 में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 मेधावी छात्र/छात्राओं में से कुमारी अराधना गौतम को सर्वाधिक 86.33%, कुमारी सौम्या यादव को 86.16% एवं कुमारी आंचल गौतम को 86.00% अंक अर्जित करने पर राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वीकृत क्रमशः रु. 10,000.00, रु. 6,000.00 एवं रु. 4,000.00 नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र तथा 7 अन्य मेधावी छात्र/छात्राओं में से प्रत्येक को पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा स्वीकृत रु. 2,000.00 नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। श्री सिंह ने ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त, निदेशक, पुलिस दूरसंचार, श्री राम गोपाल गुप्ता द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों के मेधावी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत करने तथा ट्रस्ट द्वारा सामान्यजन की सेवा सम्बन्धी कार्यों की सराहना की।



**Evidence-Based Policing पर लेख :** श्री आनन्द कुमार, पुलिस महानिदेशक, करागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ.प्र. द्वारा 'Evidence-Based Policing' विषय पर तथ्यात्मक, भारतीय परिदृश्य को समाहित करते हुए इसके भविष्य पर एक सारगर्भित एवं संकलन योग्य लेख लिया गया है।

निर्देशन : श्री सुनील कुमार गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री श्रीश्चन्द्र, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500